# संचालनालय
## कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, छ.ग.
**इन्द्रावती भवन, ब्लॉक नं. सी, द्वितीय तल, नवा रायपुर अटल नगर**

क्रमांक / न–3–1 / कै.ले.प्र. / 2020 / 871 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 21/12/2021

प्रति,

बीमा चिकित्सा पदाधिकारी
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें
प्रभारी समस्त केन्द्र।

विषय :– बीमित हितग्राहियों को कैशलेस आधार पर सेकेण्डरी चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराने बाबत्।

संदर्भ :–
1. श्रम विभाग का पत्र क्रमांक एफ 4–1 / 2015 / 16 दिनांक 31.03.2018
2. श्रम विभाग का पत्र कमांक एफ 4–1 / 2015 / 16 दिनांक 05.04.2018
3. श्रम विभाग का पत्र क्रमांक एफ 4–1 / 2015 / 16 दिनांक 10.06.2020
4. संचालनालय का पत्र कमांक / न–3–1 / कै.ले.प्र. / 2020 / 504 दिनांक 23.07.2021 तथा समसंख्यक पत्र कमांक 616 दिनांक 01.09.2021. पत्र कमांक 841 दिनांक 06.12.2021

——00——

छ.ग. शासन श्रम विभाग के पत्र क्रमांक एफ 4–1 / 2015 / 16 दिनांक 31.03.2018 एवं पत्र कमांक एफ 4–1 / 2015 / 16 दिनांक 05.04.2018 तथा पत्र क्रमांक एफ 4–1 / 2015 / 16 दिनांक 10.06.2020 के द्वारा बीमित हितग्राहियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस आधार पर सेकेण्डरी केयर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृति दी गई है।

शासकीय सेवकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को राज्यांर्तगत स्थित निजी चिकित्सालयों से उपचार करवाने हेतु मान्य सूची जारी की गई है। जिस अवधि तक इन चिकित्सालयों को मान्य किया गया है, उस अवधि तक श्रम विभाग के उपरोक्त संदर्भित पत्रों के द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार बीमित हितग्राहियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस आधार पर चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध करवाने हेतु संचालनालय के संदर्भित पत्र दिनांक 23.07.2021, पत्र दिनांक 01.09.2021 तथा पत्र दिनांक 06.12.2021 के द्वारा सहमति प्राप्त 50 चिकित्सालयों को कैशलेस सेकेण्डरी केयर चिकित्सा उपचार हेतु सहमति दी गई है। उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित 04 चिकित्सालयों ने अपना सहमति पत्र प्रेषित किया है। इन चिकित्सालयों में कैशलेस सेकेण्डरी केयर चिकित्सा उपचार हेतु सहमति दी जाती है। चिकित्सालयों के नाम तथा पता का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | सहमति प्रदानकर्ता चिकित्सालय का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1 | मित्तल हॉस्पिटल, न्यू सूर्या मॉल के पास, स्मृति नगर भिलाई जिला दुर्ग। |
| 2 | SMC Heart Institute And IVF Research Centre, VIP Estate, Vidhan Sabha Road, Raipur C.G. |
| 3 | सुयश हॉस्पिटल कोटा, गुढ़ियारी रोड रायपुर। |
| 4 | Soni Multispeciality Hospital and Maternity Home Bade Urla Road, Abhanpur, Raipur. |

.........2

1. कैशलेस आधार पर उपचार करने वाले निजी चिकित्सालयों को सी.जी.एच.एस. द्वारा निर्धारित दर पर भुगतान किया जायेगा।
2. चिकित्सालयों द्वारा अपना दावा प्रस्तुत करते समय सी.जी.एच.एस. द्वारा निर्धारित कोड संख्याओं का उल्लेख करना आवश्यक होगा।

**(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

बीमा चिकित्सा पदाधिकारी
(प्रथम श्रेणी)
संचालनालय
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें
नवा रायपुर अटल नगर
21/12/21

पृ.क्रमांक / न–3–1 / कै.ले.प्र. / 2020 / 892,893 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 21 / 12 / 2021
प्रतिलिपि :–

1. अवर सचिव, छ.ग. शासन श्रम विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ।
2. संबंधित चिकित्सालय ............................................................ की ओर

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

बीमा चिकित्सा पदाधिकारी
(प्रथम श्रेणी)
संचालनालय
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें
नवा रायपुर अटल नगर